FYBA/Hindi/March-April/2023

समय – 3 घंटे पूर्णांक–100

सूचना –1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

प्रश्न 1. मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा का सामान्य परिचय दीजिए। 20

**अथवा**

आधुनिक भारतीय आर्य भाषा का सामान्य परिचय दीजिए।

प्रश्न 2. हिंदी भाषा की उत्पति एवं विकास पर प्रकाश डालिए। 20

**अथवा**

हिंदी की प्रमुख बोलियों का सामान्य परिचय दीजिए।

प्रश्न 3. देवनागरी लिपि का महत्व एवं विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । 20

**अथवा**

हिंदी के शब्द-समूह पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 4. हिंदी की वाक्य-रचना में पदक्रम सम्बन्धी सामान्य नियम स्पष्ट कीजिए। 20

**अथवा**

समास के स्वरुप को स्पष्ट करते हुए उसके भेदों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 5. निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए - 20

क) वैदिक संस्कृत

ख) व्यंजन संधि

ग) अध्याहार

घ) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के प्रकार

******************

(TYBA) Hindi/ March 2023

अवधि : २½ घंटे पूर्णांक: ८०

सूचना : १) अंतिम प्रश्न अनिवार्य हैं।
२) शेष ४ प्रश्नों में से किन्हीं ३ प्रश्नों के उत्तर लिखें।
३) सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं।

प्र. १. स्त्री चेतना से हिन्दी कविता किस प्रकार प्रभावित हुई है,स्पष्ट कीजिए। २०

अथवा

स्त्री चेतना ने हिन्दी कथा साहित्य को किस प्रकार प्रभावित किया है, स्पष्ट कीजिए।

प्र. २. दलित चेतना के हिन्दी कथा साहित्य पर हुए प्रभाव को दर्शाइए। २०

अथवा

दलित चेतना के हिन्दी कविता पर हुए प्रभाव को सोदाहरण समझाइए।

प्र.३ . समकालीन किन्नर केन्द्रित कथा साहित्य के आधार पर किन्नर-जीवन पर प्रकाश डालिए। २०

अथवा

समकालीन हिन्दी उपन्यासों में आदिवासी विमर्श की अभिव्यक्ति किस प्रकार हुई है, स्पष्ट कीजिए।

प्र. ४. 'हंस' में स्वातंत्र्योत्तर जन-चेतना को किस प्रकार वाणी मिली है, स्पष्ट कीजिए। २०

अथवा

'समालोचन' (ई-पत्रिका) तथा 'साहित्य कुंज'(ई-पत्रिका) ने स्वातंत्र्योत्तर जन चेतना को अभिव्यक्त करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, स्पष्ट कीजिए।

प्र. ५. किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। २०

क) स्त्री विमर्श का अर्थ

ख) दलित विमर्श की प्रासंगिकता

ग) नवभारत

घ) सारिका

---

**अवधि - 3:00 घंटे** **पूर्णांक : 100**

सूचना : 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है ।
2. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक है ।

प्रश्न 1. भारतेंदु युग की प्रमुख प्रवृत्तियां स्पष्ट कीजिए। 20

अथवा

छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 2. नई कविता की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। 20

अथवा

प्रयोगवादी कविता की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 3. हिंदी उपन्यास साहित्य के विकास-क्रम का विवेचन कीजिए। 20

अथवा

हिंदी कहानी के विकास-क्रम को विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 4. हिंदी संस्मरण साहित्य के विकास-क्रम की चर्चा कीजिए। 20

अथवा

हिंदी जीवनी साहित्य के विकास-क्रम का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 5. क) किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। 10

1. आधुनिक काल की राजनीतिक परिस्थितियां।
2. समकालीन कविता।
3. हिंदी आलोचना का विकास-क्रम।
4. हिंदी आत्मकथा साहित्य।

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए। 05

1. सन 1903 में 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कौन बने?
2. 'जूही की कली' कविता के रचनाकार कौन हैं?
3. 'अपनी केवल धार' काव्य-संग्रह किसका है?
4. हिंदी साहित्य में किसे आलोचना सम्राट कहा जाता है?
5. 'काला शुक्रवार' कहानी की लेखिका कौन हैं?



D60D523CB485C42BE3F99D414225EF86

ग) दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। 05

1. भारतेंदु युग की एक निम्नलिखित विशेषता कौन-सी है?

i) देशभक्ति और राजभक्ति ii) आदर्शवाद

iii) इतिवृत्तात्मकता iv) वैयक्तिकता

2. 'कामायनी' महाकाव्य किसने लिखा है?

i) नागार्जुन ii) जयशंकर प्रसाद

iii) नरेंद्र शर्मा iv) त्रिलोचन

3. प्रगतिवाद किस दर्शन से प्रभावित है?

i) अस्तित्ववाद ii) गांधीवाद

iii) छायावाद iv) मार्क्सवाद

4. इनमें से भीष्म साहनी की कहानी कौन-सी है?

i) चीफ़ की दावत ii) प्रतीक्षा

iii) मवाली iv) नीली झील

5. 'संसद से सडक तक' किसका काव्य संग्रह है?

i) अज्ञेय ii) शमशेर

iii) शिवमंगलसिंह सुमन iv) धूमिल

---

समय : 3:00 घंटे पूर्णांक : 100

**सूचना : 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
**2. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं।**

**प्रश्न 1.** स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कविता का अर्थ, परिभाषा और स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसकी संवेदना पर प्रकाश डालिए। **20**

**अथवा**

स्वातंत्र्योत्तर निबंध के तत्वों को स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए। **10**

क) "घुपितर की आज्ञा से
नरभक्षी बूढ़ा गिध्द
मेरे कंधों पर बैठ
दिन-भर नोचा करता है मेरा हृदय पिंड।"

**अथवा**

"यह कितना अद्भुत है
कि बाढ़ चाहे जितनी भयानक हो उन्हें पानी में
थोड़ी-सी जगह ज़रूर मिल जाती है
थोड़ी-सी धूप
थोड़ा-सा आसमान।"

ख) "साहस की ज़िंदगी सबसे बड़ी होती है। ऐसी ज़िंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करती कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं।" **10**

**अथवा**

"रासायनिक उत्पादों से निश्चित सुरक्षा पाने और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए हमें और अधिक जानकारी हासिल करने की जरूरत है।"

**प्रश्न 3.** सिलसिला कविता के माध्यम से पूंजीवादी सभ्यता का खोखलापन उजागर कीजिए। **20**

**अथवा**

'चुप्पी टूटेगी' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 4.** 'मनुष्य की सर्वोत्तम कृति: साहित्य' निबंध की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए। **20**

**अथवा**

'अगर मुल्क में अखबार न हो' निबंध का आशय स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 5.** किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियां लिखिए। **(2 x 10) = 20**

(क) 'बाज़ारे-नुमाइश' में कविता का आशय
(ख) 'यात्री' कविता शीर्षक की सार्थकता
(ग) 'पाप के चार हथियार' निबंध का उद्देश्य
(घ) 'पांत का आखिरी आदमी' निबंध में मानवीय सभ्यता का संकट

---



AA63E0546ACF556F37D4B10A95294B8F

समय : २:३० घंटे 　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　कुल अंक: ८०

सूचना:
१. अंतिम प्रश्न अनिवार्य है।
२. शेष चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए।
३. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक है।

प्रश्न १. सोशल मीडिया के स्वरूप को समझाते हुए उसके प्रकारों पर प्रकाश डालिए। २०

अथवा

फेसबुक, व्हाट्सअप और ट्विटर का परिचय देते हुए इनके उपयोगों को विस्तार से लिखिए।

प्रश्न २. सोशल मीडिया के सामाजिक एवं राजनीतिक प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। २०

अथवा

"सोशल मीडिया मुक्त अभिव्यक्ति का प्रभावी माध्यम है।" इस कथन को सोदाहरण समझाइए।

प्रश्न ३. सोशल मीडिया के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को स्पष्ट कीजिए। २०

अथवा

सोशल मीडिया के कानूनों को विशद कीजिए।

प्रश्न ४. सोशल मीडिया और बदलते जीवन मूल्यों की चर्चा कीजिए। २०

अथवा

सोशल मीडिया की समस्याएँ और चुनौतियों को उजागर कीजिए।

प्रश्न ५. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए। २०

क) सोशल मीडिया का व्यवहार क्षेत्र
ख) सोशल मीडिया और रोजगार की संभावनाएँ
ग) सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव
घ) इन्स्टाग्राम

---



BFB2AC0DA9804E0ECE6ABA5B0FC02242